प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

बालिकाओं के सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

पंतनगर। 25 जनवरी 2021। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका सप्ताह एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्णिम जयंती के अवसर पर मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग तथा स्वास्ति सुगम फाउन्डेशन के सहयोग से 'उज्जवल भविष्य हेतु बालिकाओं का सशक्तिकरण' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल ने बताया कि बेटियों के बिना समाज अधूरा है और उनके संरक्षण एवं उज्जवल भविष्य के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, सेवानिवृत्त, प्राध्यापिका एवं अधिष्ठात्री, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, डा. अर्चना राज सिंह ने बालिकाओं के महत्व एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा प्रतिभागियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने और योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया। सह-प्राध्यापिका, मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग, डा. ऋतु सिंह, ने बालिकाओं के व्यक्तित्व निर्माण के विभिन्न चरणों एवं प्रभावित करने वाले कारकों के बारे में बताया। उन्होंने बालिकाओं के व्यक्तित्व निर्माण के फायदे के बारे में बताया जिससे वे भविष्य में स्वम् का निर्माण कर सकें। इस बेबीनार में देश के विभिन्न राज्यों के ९5 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अन्त में सहायक प्राध्यापिका, मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन, डा. रागिनी मिश्रा, द्वारा धन्यवाद प्रस्तुत किया गया।